Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT
& ENTREPRENEURSHIP

N·S·D·C
National
Skill Development
Corporation
Transforming the skill landscape

FURNITURE & FITTINGS SKILL COUNCIL

# प्रतिभागी पुस्तिका



क्षेत्र
**फर्नीचर एवं फिटिंग्स**

उप–क्षेत्र
**वुडन फर्नीचर**

व्यवसाय
**कारपेंटर**

रिफरेन्स आइडी: FFS/Q0102, **वर्जन** 1.0
NSQF **स्तर** 4

## कारपेंटर – वुडन फर्नीचर

कारपेंटर - वुडन फर्नीचर
प्रतिभागी पुस्तिका
एफएफएससी



"कौशल विकास एक बेहतर भारत का निर्माण है। यदि हमें भारत को उन्नति की ओर अग्रसर करना है, तो कौशल विकास हमारा लक्ष्य होना चाहिए।"

**श्री नरेंद्र मोदी**
भारत के प्रधानमंत्री

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

FURNITURE & FITTINGS SKILL COUNCIL

N·S·D·C National Skill Development Corporation
Transforming the skill landscape

# Certificate

## COMPLIANCE TO QUALIFICATION PACK – NATIONAL OCCUPATIONAL STANDARDS

is hereby issued by the

**FURNITURE & FITTINGS**

for

## SKILLING CONTENT : PARTICIPANT HANDBOOK

Complying to National Occupational Standards of
Job Role/ Qualification Pack: '**Carpenter – Wooden Furniture**' QP No. '**FFS/ Q 0102 NSQF Level 4**'

Date of Issuance: 20/05/2016
Valid up to*: 19/05/2018

*Valid up to the next review date of the Qualification Pack or the 'Valid up to' date mentioned above (whichever is earlier)*

Authorised Signatory
(Furniture & Fittings Skill Council)

## आभार

फर्नीचर एंड फिटिंग्स स्किल काउंसिल (FFSC) कई व्यक्तियों एवं संस्थाओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता है, जिन्होंने इस प्रतिभागी पुस्तिका को बनाने में योगदान दिया है और वे आभार के योग्य हैं। हम उन सभी का आभार प्रकट करना चाहते हैं जिन्होंने इस प्रतिभागी पुस्तिका को बनाने में अपना मूल्यवान सहयोग एवं समय दिया है। इसे लिखने में उनके निरंतर प्रयासों के लिए, हम टीम यूनिफायर्स के योगदान और हमारे विशेषज्ञों की भी प्रशंसा करते हैं।

हम अपने टास्क फोर्स सदस्यों डा. चमनकर (पिडीलाइट इंडस्ट्रीज़), श्री हेमंत कथूरिया (ओज़ोन ओवरसीज़ प्रा. लि.) और श्री संजीव जालान (हार्डवेयर कलेक्शन) का विशेष धन्यवाद देना चाहते हैं, जिन्होंने प्रतिभागी पुस्तिका के सुधार के लिए अपने ज्ञान, विशेषज्ञता और समय को उदारता से प्रदान किया है। हम उनके अतुल्य योगदान और सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद देना चाहते हैं। हम सुझावों, प्रतिक्रिया और योगदान के माध्यम से उक्त कार्य को पूरा करने के लिए अपने संचालन काउंसिल सदस्यों और हमारे ट्रेनिंग पार्टनरों के प्रयासों की भी प्रशंसा करते है।

## पुस्तिका के विषय में

भारत में फर्नीचर एवं फिटिंग्स इंडस्ट्री ने वर्ष 2012 में 1000 अरब रुपए से अधिक का व्यवसाय किया है। इस इंडस्ट्री के वर्ष 2013 से 2017 के मध्य 15 प्रतिशत की दर से बढ़ने और वर्ष 2017 तक 2000 अरब रुपए को पार करने की आशा है।

मार्केट संगठित क्षेत्र की ओर अधिक बढ़ रहा है। रेडीमेड एवं ब्रांडेड फर्नीचर के लिए उपभोक्ताओं की बढ़ती पसंद से यह स्पष्ट हो गया है।

वर्तमान में इस क्षेत्र में 41.1 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं और वर्ष 2022 तक 112.9 लाख से अधिक व्यक्तियों की नियुक्ति की आशा है। अगले 9 वर्षों की अवधि में 72 लाख़ नौकरियों की अतिरिक्त वृद्धि होने की संभावना है।

उपभोक्ताओं की पसंद में अपेक्षित परिवर्तन और टीयर–I एवं टीयर–II के शहरों में संगठित फर्निशिंग सेवाओं के प्रवेश करने के कारण, 2013–17 के अवधिकाल की अपेक्षा 2017–22 के अवधिकाल में नौकरियों के अवसरों में उच्च वृद्धि होगी।

फर्नीचर एवं फिटिंग्स क्षेत्र में कारपेंटर का कार्य करने के लिए प्रशिक्षार्थियों को सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक कौशल प्रदान करने के लिए इस प्रतिभागी पुस्तिका को तैयार किया गया है।

यह प्रतिभागी पुस्तिका कारपेंटर–वुडन फर्नीचर (FFS/Q0102) पर आधारित है जिसमें निम्नलिखित राष्ट्रीय व्यावसायिक मानकों (NOS) को सम्मिलित किया गया है –

1. लकड़ी को काटना एवं आकार देना (FFS/N0102)
2. फर्नीचर बनाने के लिए लकड़ी के विभिन्न भागों को जोड़ना (FFS/N0103)
3. कार्यस्थल, उपकरणों एवं मशीनों का रखरखाव (FFS/N8501)
4. कार्यस्थल में स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा बनाए रखना (FFS/N8601)
5. कार्यस्थल पर प्रभावी तरीके से कार्य करना (FFS/N8701)


प्रतिभागियों द्वारा अर्जित मुख्य शिक्षाएं एवं कौशल को संबंधित यूनिटों में विस्तार से बताया गया है।

इस प्रशिक्षण के पश्चात्, प्रतिभागी उन विभिन्न निर्धारित कार्यों को करने में सक्षम होगें, जिन्हें कारपेंटर–वुडन फर्नीचर के क्वालिफिकेशन पैक में निर्धारित किया गया है।

हम आशा करते हैं कि यह प्रतिभागी पुस्तिका हमारे नवयुवाओं को फर्नीचर एवं फिटिंग्स इंडस्ट्री में एक आकर्षक कैरियर बनाने के लिए एक ठोस शैक्षिक सहारा दे पाएगी।

## पुस्तक में प्रयोग किए गए चिह्न


प्रमुख शिक्षा उद्देश्य


चरण


सुझाव


टिप्पणी


गतिविधि


अभ्यास


यूनिट के उद्देश्य

## विषयसूची


| क्र. सं | मॉड्यूल एवं यूनिट | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | परिचय | 1 |
| | यूनिट 1.1: ट्रेनिंग प्रोग्राम का परिचय | 3 |
| | यूनिट 1.2: भारतीय फर्नीचर इंडस्ट्री | 6 |
| | यूनिट 1.3: वुड फर्नीचर कारपेंटर की भूमिका एवं उत्तरदायित्व | 10 |
| 2. | लकड़ी को काटना एवं आकार देना (FFS/N0102) | 17 |
| | यूनिट 2.1: लकड़ी एवं अन्य मेटिरियल | 19 |
| | यूनिट 2.2: उपकरण एवं मशीनें | 36 |
| | यूनिट 2.3: आधारभूत गणित | 60 |
| | यूनिट 2.4: मापन प्रणाली | 68 |
| | यूनिट 2.5: तकनीकी रेखाचित्र | 78 |
| | यूनिट 2.6: फर्नीचर एवं लकड़ी के अन्य कार्य | 87 |
| | यूनिट 2.7: लकड़ी तैयार करने की प्रक्रिया | 98 |
| 3. | फर्नीचर के विभिन्न भागों को जोड़ना (FFS/N0103) | 127 |
| | यूनिट 3.1: लकड़ी के जोड़ | 129 |
| | यूनिट 3.2: फास्नर्स एवं अन्य फिटिंग्स | 139 |
| | यूनिट 3.3: लकड़ी के बुनियादी ढांचे कैसे बनाएं | 149 |
| | यूनिट 3.4: लकड़ी के ढांचे को फिनिश करना | 167 |
| 4. | कार्यस्थल, उपकरणों एवं मशीनों का रखरखाव (FFS/N8501) | 177 |
| | यूनिट 4.1: उपकरणों एवं मशीनों की सुरक्षा एवं रखरखाव | 179 |
| | यूनिट 4.2: कार्यस्थल की सुरक्षा एवं रखरखाव | 186 |
| 5. | कार्यस्थल में स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा बनाए रखना (FFS/N8601) | 193 |
| | यूनिट 5.1: संभावित खतरे और बचाव के उपाय | 195 |
| | यूनिट 5.2: व्यक्तिगत सुरक्षात्मक उपकरण | 211 |
| | यूनिट 5.3: व्यक्तिगत स्वास्थ्य और स्वच्छता | 215 |
| 6. | कार्यस्थल पर प्रभावी तरीके से कार्य करना (FFS/N8701) | 223 |
| | यूनिट 6.1: संचार कौशल | 225 |
| | यूनिट 6.2: संस्था में कार्य करना | 231 |

| | | |
|---|---|---|
| 7 | **नियोजनीयता एवं उद्यमशीलता कौशल** | 239 |
| | यूनिट 7.1 – व्यक्तिगत क्षमताएं एवं मूल्य | 244 |
| | यूनिट 7.2 – डिजिटल साक्षरता: पुनरावृत्ति | 260 |
| | यूनिट 7.3 – धन संबंधी मामले | 264 |
| | यूनिट 7.4 – रोजगार व स्वरोजगार के लिए तैयारी करना | 273 |
| | यूनिट 7.5 – उद्यमशीलता को समझना | 283 |
| | यूनिट 7.6 – उद्यमी बनने की तैयारी करना | 305 |

Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT
& ENTREPRENEURSHIP

N·S·D·C
National
Skill Development
Corporation
Transforming the skill landscape

FURNITURE & FITTINGS
SKILL COUNCIL

# 1. परिचय

यूनिट 1.1: ट्रेनिंग प्रोग्राम का परिचय
यूनिट 1.2: भारतीय फर्नीचर इंडस्ट्री
यूनिट 1.3: वुड फर्नीचर कारपेंटर की भूमिका एवं उत्तरदायित्व



## मॉड्यूल के प्रमुख शिक्षा उद्देश्य

इस मॉड्यूल के समाप्त होने के बाद, आपः

1. इस ट्रेनिंग प्रोग्राम के संक्षिप्त विवरण को जान पाएंगे
2. भारतीय फर्नीचर इंडस्ट्री एवं इसके ढांचे, और इसके विकास के मुख्य कारणों के विषय में जान पाएंगे
3. भारतीय फर्नीचर इंडस्ट्री में नौकरियों के अवसरों के विषय में जान पाएंगे
4. वुड कारपेंटरी और उसके प्रकारों के विषय में जान पाएंगे
5. वुड फर्नीचर कारपेंटर की भूमिका एवं उत्तरदायित्वों को समझ पाएंगे
6. वुड फर्नीचर कारपेंटर के कैरियर की प्रगति के विषय में जान पाएंगे
7. वुड फर्नीचर कारपेंटर के काम के लिए आवश्यक ज्ञान एवं कौशल के विषय में जान व समझ पाएंगे

# यूनिट 1.1: ट्रेनिंग प्रोग्राम का परिचय

## यूनिट के उद्देश्य

इस यूनिट के समाप्त होने के बाद, आपः

- इस ट्रेनिंग प्रोग्राम के संक्षिप्त विवरण को जान पाएंगे
- इस ट्रेनिंग प्रोग्राम के उद्देश्यों को समझ पाएंगे
- ट्रेनिंग के दौरान पालन किए जाने वाले आधारभूत नियमों को जान पाएंगे

## 1.1.1 ट्रेनिंग प्रोग्राम का संक्षिप्त विवरण

'कारपेंटर – वुडन फर्नीचर' के ट्रेनिंग प्रोग्राम में आपका स्वागत है!

वर्तमान समय में फर्नीचर इंडस्ट्री तीव्र गति से बढ़ रही है, जिसके कारण फर्नीचर कारपेंटर की मांग भी बढ़ गई है। एक कुशल फर्नीचर कारपेंटर बनने के लिए कड़ी मेहनत और काम के प्रति लगन के अतिरिक्त, एक आधारभूत ट्रेनिंग की भी आवश्यकता होती है। इसलिए इस ट्रेनिंग प्रोग्राम को तैयार किया गया है।

इस ट्रेनिंग प्रोग्राम के माध्यम से निम्नलिखित के विषय में आपकी जानकारी और समझ को बढ़ने में सहायता मिलेगी –

- भारतीय फर्नीचर इंडस्ट्री
- वुड फर्नीचर कारपेंटर की भूमिका एवं उत्तरदायित्व
- कारपेंटरी में प्रयोग होने वाले मेटिरियल
- कारपेंटरी में प्रयोग होने वाले हस्त–चालित उपकरण (हैंड टूल्स) एवं विद्युत–चालित उपकरण (पावर टूल्स)
- लकड़ी को मापने, काटने और जोड़ने की विधियां
- तकनीकी रेखाचित्र (टेक्निकल ड्रांइग) या निर्देशानुसार मेटिरियल की मात्रा की गणना





- फर्नीचर के प्रकार
- फर्नीचर बनाने की सही प्रक्रिया
- उपकरणों एवं मशीनों का रखरखाव और सुरक्षा
- कार्यस्थल / कार्यशाला की स्वच्छता व सुरक्षा, एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य
- कारपेंटरी के काम को प्रभावी तरीके से पूरा करने के लिए आवश्यक तकनीकी एवं व्यावसायिक कौशल

## 1.1.2 ट्रेनिंग प्रोग्राम के उद्देश्य



इस ट्रेनिंग प्रोग्राम को पूरा करने के बाद आप निम्नलिखित में कुशल होंगे –

- किसी भी कंपनी में या स्वतंत्र रूप से वुड फर्नीचर कारपेंटर का काम करने में
- अपने काम को कुशलता और प्रभावी तरीके से पूरा करने में
- सुरक्षित तरीकों के अनुसार काम करने में
- सुरक्षा के दिशानिर्देशों का पालन करने में
- कंपनी की नीतियों और दिशानिर्देशों का पालन करने में
- कार्यस्थल को साफ, सुरक्षित और स्वस्थ बनाए रखने में
- उपकरणों व मशीनों का उचित एवं सुरक्षित प्रयोग करने और उनके रखरखाव में
- काम करने के लिए उपयुक्त मेटिरियल एवं उपयुक्त उपकरणों का चुनाव करने में
- मेटिरियल की मात्रा और काम पूरा करने में लगने वाले समय का अनुमान लगाने में
- फर्नीचर को सही तरीकों से बनाने में
- सुरक्षा के संभावित खतरों, परिस्थितियों या असुरक्षित तरीकों को पहचानने में
- कार्यस्थल पर अच्छे संबंध बनाए रखने में
- आवश्यक व्यक्तिगत गुणों और स्वच्छता को अपने कार्य क्षेत्र में अपनाएं

कारपेंटर - वुडन फर्नीचर प्रतिभागी पुस्तिका

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT
& ENTREPRENEURSHIP

N·S·D·C
National
Skill Development
Corporation
Transforming the skill landscape

FURNITURE & FITTINGS SKILL COUNCIL

पता– 407–408, चौथी मंजिल, डीएलएफ सिटी कोर्ट, एमजी रोड सिकंदरपुर, गुरुग्राम - 122002, हरियाणा, भारत
ईमेल– info@ffsc.in
वेब– www.ffsc.in
फोन– +911246900720

ISBN 978-93-5271-154-3

Price: ₹ 170/-

"This book is provided free to students under the PMKVY (Pradhan Mantri Kaushal Vikas Yojana)."

एफएफएससी